भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3601

13 मार्च, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुष अवसंरचना का विस्तार

3601. डॉ. आलोक कुमार सुमन:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में आयुष अस्पतालों और औषधालयों के विस्तार के लिए कोई नई योजना शुरू की है।

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान आवंटित धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): भारत सरकार ने वर्ष 2014-15 में राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना शुरू की है, जिसका कार्यान्वयन राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों के माध्यम से किया जाता है और आयुष पद्धतियों के समग्र विकास एवं संवर्धन के लिए उनके प्रयासों का समर्थन किया जाता है। एनएएम दिशानिर्देशों के मौजूदा प्रावधानों के अंतर्गत, इसमें राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार देश के विभिन्न भागों में 50/30/10 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों (आईएएच) और आयुष औषधालयों की स्थापना के लिए सहायता प्रदान करना शामिल है। एनएएम के तहत, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों से एसएएपी के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, देश के विभिन्न भागों में कुल 203 आईएएच और 383 आयुष औषधालयों की स्थापना को मंजूरी दी गई है। आईएएच और आयुष औषधालयों की स्थापना के लिए स्वीकृत इकाइयों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार स्थिति क्रमशः **संलग्नक-I** और **II** पर दी गई है।

(ग): एनएएम के तहत, चालू वित्तीय वर्ष के दौरान एसएएपी की अनुमोदित गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए विभिन्न राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों को केंद्रीय हिस्से के रूप में आज तक कुल 424.24 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता जारी की गई है।

*****

संलग्नक-I

एकीकृत आयुष अस्पतालों (आईएएच) की स्थापना के लिए अनुमोदित इकाइयों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार स्थिति।

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	**आईएएच की संख्या**
अंडमान और निकोबार द्वीप	1
आंध्र प्रदेश	2
अरुणाचल प्रदेश	5
असम	8
बिहार	1
चंडीगढ़	1
छत्तीसगढ़	10
दादरा व नागर हवेली और दमन व दीव	1
गोवा	2
गुजरात	2
हरियाणा	1
हिमाचल प्रदेश	3
जम्मू-कश्मीर	7
झारखंड	7
कर्नाटक	3
केरल	10
लक्षद्वीप	1
मध्य प्रदेश	13
महाराष्ट्र	14
मणिपुर	11
मेघालय	3
मिजोरम	2
नागालैंड	7
ओडिशा	3
पुडुचेरी	3
पंजाब	2
राजस्थान	33
सिक्किम	2
तमिलनाडु	6
तेलंगाना	3
त्रिपुरा	2
उत्तर प्रदेश	25
उत्तराखंड	7
पश्चिम बंगाल	2
कुल योग	**203**

संलग्नक–II

नए आयुष औषधालयों की स्थापना के लिए अनुमोदित इकाइयों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार स्थिति

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	अनुमोदित इकाई
1	अरुणाचल प्रदेश	2
2	असम	100
3	जम्मू-कश्मीर	10
4	महाराष्ट्र	1
5	मणिपुर	8
6	मेघालय	10
7	तमिलनाडु	2
8	उत्तर प्रदेश	250
कुल		**383**